उदित वाणी



आर.एन.आई. पंजीयन संख्या- RN 33535/80 जमशेदपुर, मंगलवार, 14 जनवरी 2020 वर्ष : 40 अंक : 140 मूल्य : 3.00 पेज : 12

मुद्रा बाजार अंतर		सोना-चांदी भाव		शेयर बाजार	
डॉलर	70.87 ↘ 0.10	सोना 22 कैरेट	38,700	बीएसई	41859.6
यूरो	79.94 ↖ 0.12	चांदी प्रति 10 ग्राम	520.00	एनएसई	12329.5

टीमों की संख्या बढ़ाकर 20 करने पर विचार पेज 5 >> 'कोशिश एक आशा' घर-घर जाकर लोगों को करेगी जागरुक

भारत व अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध मजबूत : पी होपफमैन

माइनिंग सेक्टर व सामाजिक क्षेत्र में भी साझा कार्यक्रम पर जोर

जमशेदपुर : भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध वर्षों पुराना है, जो आए दिन मजबूत हो रहा है. जरुरत है इस संबंध की मजबूती बनाए रखते हुए माइनिंग एवं सामाजिक क्षेत्र में भी साझा कार्यक्रम चलाने की. उक्त बातें इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स यानि, आईएसीसी के इस्टर्न रिजन की विष्टुपुर स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में संस्था की कंसलेट जेनरल पैट्रिशिया होफमैन ने कही. वे बैठक को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी. इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंध आज का नहीं है. बल्कि दोनों देशों के बीच सदियों पुराना रिश्ता रहा है. यह रिश्ता व्यापारिक क्षेत्र के साथ अन्य भी कई क्षत्रों मे लगातार बढ़ता ही गया है. उस दिशा में इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) आगे भी बढ़चढ़कर काम करेगा, जिससे दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध और मजबूत होंगे. लेकिन इस बीच माइनिंग सेक्टर और सामाजिक क्षेत्र के खासकर, मानव तस्करी के क्षेत्र में दोनों देशों को मिलकर साझा कार्यक्रम चलाते हुए बेहतर कार्य करने की जरुरत है. मौके पर विशिष्ट अतिथि के रुप में रामकृष्णा फोर्जिंग लिमिटेड के चेयरमैन एमपी जालान उपस्थित थे. उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत बनाने की दिशा में आगे भी साझा कार्यक्रम के तहत प्रयास पर बल दिया. साथ ही श्री जालान ने रामकृष्णा फोर्जिंग के कार्यों की जानकारी देते हुए अमेरिका के साथ किए जा रहे व्यापारिक कार्यों की भी मौके पर विस्तृत जानकारी दी. कार्यक्रम का संचालन आईएसीसी के रिजनल वाइस प्रेसिडेंट वरुण बनर्जी ने किया. उन्होंने अपने संबोधन में दोनों देशों के बीच प्राचीन काल से चले आ रहे संबंधों का जिक्र किया. वहीं, मौके पर संस्था के रिजनल प्रेसिडेंट दिनेश अग्रवाल, जमशेदपुर चैप्टर के चेयरमैन एके श्रीवास्तव समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखें. कार्यक्रम में चैंबर से जुड़े कई जाने-माने उद्यमी उपस्थित थे, अंत में धन्यवाद ज्ञापन आईएसीसी के जमशेदपुर चैप्टर के वाइस चेयरमैन रोनाल्ड डिकोस्टा ने किया. इस दौरान उद्यमियों ने इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस्टर्न रिजन की कंसलेट जेनरल पैट्रिशिया होफमैन से कई सवाल भी पूछे, जिनका उन्होंने संतोषप्रद जवाब भी दिया.



शहर के बच्चों को दी जाएगी अंग्रेजी बोलने की ट्रेनिंग

मौके पर इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के इस्टर्न रिजन की कंसलेट जेनरल पैट्रिशिया होफमैन ने बताया कि अमेरिका की ओर से इस साझा कार्यक्रम के तहत जमशेदपुर के बच्चों को अंग्रेजी बोलने की ट्रेनिंग भी दी जाएगी. यह ट्रेनिंग बिष्टुपुर स्थित एक्सएलआरआई में होने की बात कही गई. वहीं, शहर पहुंची पैट्रिशिया होफमैन का यहां स्थित टाटा टिमकेन व टाटा कमिंस के अलावा टाटा मोटर्स कंपनी के विजिट का भी कार्यक्रम है.

Scanned by CamScanner